आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :403 पृष्ठ -4 दिनांक 15 फरवरी 2025 दिन शनिवार

# 14 फरवरी 2025 को पुलवामा आतंकवादी हमले की छठी बरसी

## शहीदों के सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है, जिन्हें हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

14 फरवरी 2025 को पुलवामा आतंकवादी हमले की छठी बरसी है। यह दिन हमें शहीदों के सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है, जिन्हें हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। ऐसे में इस अवसर हम आपको वीर जवानों की शहादत को याद करने के लिए कुछ बेहतरीन व्हाट्सएप स्टेटस और क्वॉट्स बताने जा रहे हैं।भारत में आज 14 फरवरी 2025 को पुलवामा आतंकवादी हमले की छठी बरसी मनाई जा रही है। यह हमला 14 फरवरी 2019 को कश्मीर के पुलवामा में हुआ था।इस दिन आत्मघाती हमलावर संगठन जैश–ए–मोहम्मद (श्रमड) ने विस्फोटक–युक्त॰न्ट को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (ब्त्थ्) के काफिले में घुसा दिया, जिसमें 40 से अधिक वीर जवान शहीद हो गए थे। यह हमला भारत के




इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक था, जिसने पूरे देश को गहरे शोक में डुबो दिया। पुलवामा हमले के बाद, देशभर में गुस्से और शोक की लहर दौड़ गई। यह दिन हमें शहीदों के सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है, जिन्हें हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। देश को गर्व है उन 40 ब्त्थ् जवानों की वीरता पर जिन्होंने देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी। उनके साहस और वीरता को हम हमेशा याद रखेंगे और उनका बलिदान हमेशा हमारे दिलों में गूंजेगा। ऐसे में इस अवसर हम आपको वीर जवानों की शहादत को याद करने के लिए कुछ बेहतरीन व्हाट्सएप स्टेटस और क्वॉट्स बताने जा रहे हैं।

## यूपी के बजट सत्र में बीजेपी के लिए राह नहीं आसान, इन मुद्दों पर विपक्ष कर सकता है हंगामा



उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. यूपी विधानसभा सचिवालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इस बार यूपी की बजट सत्र 11 दिन तक चलेगा, जिसमें राज्यपाल के अभिभाषण के साथ, बजट पेश किया जाएगा और उस पर चर्चा कराने के बाद मंजूरी ली जाएगी. इनमें से एक सप्ताह बजट पर चर्चा होगी और बाकी दिन अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे. यूपी विधानसभा सचिवालय ने गुरुवार को यूपी बजट सत्र का तय कार्यक्रम जारी कर दिया है. इसके तहत 17 फरवरी को सर्वदलीय बैठक और कार्य मंत्रणा समिति की बैठक बुलाई जाएगी. कार्यक्रम के तहत पहले दिन 18 फरवरी को विधानसभा व विधान परिषद में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण होगा. जिसके बाद 19 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी. जिसके बाद अगले दिन 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे वित्तमंत्री सुरेश खन्ना बजट 2025–26 पेश करेंगे. 11 दिन चलेगा यूपी विधानसभा का बजट सत्र बजट पेश होने के बाद 21 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर पेश धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी. 22 को शनिवार और 23 फरवरी को रविवार होने की वजह सदन नहीं चलेगा. इसके बाद 24 फरवरी और 25 फरवरी को बजट पर चर्चा होगी. 26 फरवरी को शिवरात्रि होने की वजह से अवकाश रहेगा और 27 व 28 फरवरी दो दिन बजट पर चर्चा होगी. इस बार यूपी विधानसभा का बजट सत्र काफी हंगामेदार रहने के आसार है. समाजवादी पार्टी ने जहां महाकुंभ भगदड़ और मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर सत्ता पक्ष को घेरने की पूरी तैयारी की है तो वहीं दूसरी तरफ सत्ता पक्ष ने भी जवाब देने की अभी से तैयारी कर ली है. सपा महाकुंभ भगदड़ में मारे गए लोगों के सही आंकड़ों को लेकर योगी सरकार से जवाब मांग सकती है इसके साथ ही चुनाव में गड़बड़ी के मुद्दे पर भी सरकार को घेरने की तैयारी है तो वहीं सत्ता पक्ष महाकुंभ में आए करोड़ो श्रद्धालुओं और उपचुनाव में मिली जीत से उत्साहित दिख रही है.

## यूपी के इन 15 जिलों के लोग हो जाएं .सावधान! अब कैमरों से कटेगा चालान

उत्तर प्रदेश में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और सड़क हादसों पर लगाम कसने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं. इसमें लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरुक करने से लेकर चालान तक की व्यवस्था है. इसी के तहत अब प्रदेश के 15 और जिलों में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मै. नेजमेंट सिस्टम शुरू करने की तैयारी कर ली गई है. जिसके बाद गाजियाबाद, कानपुर समेत 15 और जिलों में कैमरों से चालान किया जाएगा और ट्रैफिक नियमों से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती बरती जाएगी. प्रदेश में इस समय 17 जिलों में पहले से ही इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (प्ज्डै) काम कर रहा है और अब इस लिस्ट में 15 और जिलों के नाम शामिल हो जाएंगे. दूसरे चरण में सबसे पहले गाजियाबाद में ये सिस्टम शुरू कर दिया जाएगा. इसके अलावा बाराबंकी, सीतापुर, कानपुर देहात, बस्ती, गोंडा, रायबरेली, सिद्धार्थनगर, उन्नाव, एटा, प्रतापगढ़, जा.॰नपुर, सुल्तानपुर, हरदोई और बांदा में भी जल्द ही इस सिस्टम को लागू कर दिया जाएगा. ट्रैफिक व्यवस्था होगी और सुरक्षितइंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर हाई डेफिनेशन क्वालिटी के कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे ट्रैफिक तोड़ने वालों की निगरानी की जाएगी. इस सिस्टम के आने से ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों को उनकी तस्वीर के साथ घर पर सीधा चालान जाएगा. जिससे लोगों में ट्रैफिक नियमों को लेकर गंभीरता आएगी. इन जिलों में प्ज्डै सिस्टम आने से ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षित हो जाएगी. इस सिस्टम में सभी प्रमुख चौराहों पर ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली के जरिए कंट्रोल रूम से निगरानी होगी, ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहनों की नंबर प्लेट ट्रेस हो जाएगी, जिससे सीधा चालान घर पहुंचेगा. चौराहों पर सीसी व पीटीजेड कैमरे लगने से अपराध में कमी आएगी. बता दें कि साल 2021 में सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी के 57 शहरों और 17 नगर निगमों में प्ज्डै शुरू करने को कहा था. जिसके तहत पहले चरण में सबसे पहले लखनऊ, आगरा, कानपुर, वाराणसी और नोएडा में सबसे पहले इसे शुरू किया गया. इसके बाद मेरठ, बरेली, गोरखपुर, शाहजहांपुर, अयोध्या, प्रयागराज, अलीगढ़, झांसी, फिरोजाबाद, मथुरा, सहारनपुर और मुरादाबाद जैसे शहरों को भी इससे जोड़ दिया गया था.

## नई नवेली दुल्हन ने सुहागरात से पहले कर दिया बड़ा कांड, दूल्हे ने पकड़ लिया सिर

उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां नई नवेली दुल्हन ने सुहागरात से पहले से ऐसा काम कर दिया कि दूल्हे के होश उड़ गए. पूरे परिवार में हड़कंप मच गया है. दुल्हन शादी के पहले दिन ही अपने और ननद के सारे गहने लेकर रफू चक्कर हो गई और अब परिवार वाले पुलिस थाने के चक्कर काट रहे हैं. दूल्हे ने दुल्हन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और पूरे मामले में उसके दुल्हन के परिवार की मिलीभगत होने का आरोप लगाया है. महाराजगंज के घुघली थाना क्षेत्र का है. जहां रामपुर बल्डीहा में रहने वाले युवक मनीष की शादी कोठीभार थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती शादी हुई है. दोनों की शादी 7 फरवरी को हुई थी, 10 फरवरी को दुल्हन विदाई के बाद सुसराल आई थी. शादी की कई रस्में होनी थी इसलिए घर में बहुत सारे मेहमान रुके थे. भीड़भाड़ होने की वजह से परिजनों ने दुल्हन के कमरे में सारे गहने रख दिए थे. ननद में उसी जगह अपने जेवर रखे थे. उधर दुल्हन के मन में कुछ और ही चल रहा था. शादी की भीड़भाड़ देखते हुए दुल्हन ने सारे जेवर पर हाथ साफ कर लिया और मौका देखते ही घर से फरार हो गई. इधर जब घरवालों को दुल्हन के गायब होने की बात पता चली हड़कंप मच गया. रातभर आसपास के इलाके में दुल्हन की तलाश की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चला, वहीं दुल्हन मायके में भी नहीं मिली है. दूल्हे का कहना है कि शादी में दुल्हन पर साढ़े तीन लाख रुपये के जेवर चढ़ाए गए थे.



जब ढाई लाख रुपये के जेवर उसकी बहन के भी रखे थे. दुल्हन सारे जेवर लेकर भाग गई है. वहीं दुल्हन के परि. जनों का कहना है कि उसका अब हमसे कोई मतलब नहीं है. दूल्हे ने पूरे मामले में लड़की के मायकेवालों पर भी शक जताया है. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है.

## अखिलेश यादव ने मेले में घाटा उठाने वाले दुकानदारों को लेकर सीएम योगी को घेरा, सरकार से की ये मांग

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाकुंभ में लगे त्रिवेणी बाजार को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा है. महाकुंभ में रूट डायवर्जन की वजह से इस बाजार तक ग्राहक नहीं पहुंचे, जिसके चलते व्यापारियों को काफी घाटा उठाना पड़ रहा है. सपा अध्यक्ष ने इन दुकानदारों को उनकी राशि लौटाने की मांग की और कहा कि इनके नुकसान के लिए सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है. सपा अध्यक्ष ने एक खबर का हवाला देते हुए त्रिवेणी बाजार में दुकानदारों को हुए नुकसान को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि श्उप्र भाजपा सरकार की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह मेले में घाटा खाकर बैठे दुक. ानदारों को वो राशि लौटा दे जिसको लेकर कारोबारियों को दुकानें आवंटित की गईं थीं. भाजपा सरकार की बद. इंतजामी की वजह से जब मुख्य मार्ग बंद कर दिये गये या फिर रास्ते बदल दिये गये तो ग्राहक इन दुकानों तक पहुँचते कैसे और कैसे इन व्यापारियों की दुकानदारी चलती. इनके नुकसाान के लिए उप्र भाजपा सरकार पूरी तरह उत्तरदायी है. हम उप्र सरकार से माँग करते हैं कि इनसे लिया गया धन वापस किया जाए. एक तरफ सरकार ये दावा कर रही है कि महाकुंभ से प्रयागराज व उप्र की अर्थव्यवस्था में अरबों रुपए जुड़े हैं तो फिर भाजपा सरकार इन दुक. ानदारों के कुछ लाख रुपये क्यों नहीं लौटा सकती है. मेले के दुकानदारों के बीच ये चर्चा है कि वो सब लोग मिलकर उप्र भाजपा सरकार से नारे के रूप में ये माँग करेंगे – हमारे पैसे लौटाओ, हमारा घाटा पूरा कराओ. दुक. ानदार कहे आज का, नहीं चाहिए भा. जपा!दरअसल महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रयागराज में त्रिवेणी बाजार लगाया गया था. जिसमें देश के कोने–कोने से दुक. ानदार आए थे. इनमें कई दुकानदार ऐसे हैं जिन्होंने अपना सबकुछ पैसा लगाकर दुकान लगाई थी लेकिन अब उन्हें लाखों का घाटा उठाना पड़ ररहा है. महाकुंभ में करोड़ों लोग तो आए लेकिन रूट डायवर्जन की वजह से इस बाजार तक लोग नहीं पहुंचे और अब हालत ये है कि व्यापारियों को अच्छा खासा घाटा उठाना पड़ रहा है. कई लोगों का ये कहना है कि अब उन्हें कर्जा लेकर पैसे चुकाने पड़ेंगे.

## यूपी को बड़ा तोहफा, लखनऊ के रास्ते . अयोध्या से सीतापुर का सफर हुआ .आसान, इस रूट पर जाम से मुक्ति

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को बड़ा तोहफा मिल गया है. 3 साल के इंतजार के बाद आज, 14 फरवरी, शुक्रवार को मुंशीपुलिया और खुर्रमनगर फ्लाईओवर आम लोगों के लिए खोल दिया गया. इस फ्लाईओवर के शुरू होने से राजधानी के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा.साढ़े चार किलोमीटर के फ्लाई ओवर से लाखों लोगों को फायदा मिलेगा और जाम से राहत मिलेगी. इस फ्लाईओवर के शुरू होने से दुबग्गा का रास्ता आधे घंटे का रह जाएगा. दोनों फ्लाईओवर 4 लेन के हैं. इंदिरानगर सेक्टर 25 से खुर्रमनगर कल्याणपुर फ्ला. ईओवर की लागत 270 करोड़ और पॉलिटेक्निक मुंशी पुलिया चौराहा फ्ला. ईओवर की लागत 170 करोड़ रुपये है. दोनों फ्लाईओवर्स के जरिए सीतापुर से आने और जाने वालों को अब रेड लाइट का सामना नहीं करना पड़ेगा. अयोध्या रोड से आने वाले लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा.आंकड़े यह बताते हैं कि इस जगह पर जो ट्रैफिक सर्वे हुआ 45,000 वाहनों का आवागमन होता है. इस पुल के बनने से करीब पांच से 7 लाख लोगों को राहत मिलेगी. सीतापुर रोड की तरफ से जो बाहर जाते हैं उनको अभी हाईवे की तरफ से उनको लंबे जाम में फंसना पड़ता है. उन्हें जाम से निजात मिलेगी. इस पुल की बात करें तो यह लेटेस्ट टेक्नोलॉजी पर बना है. रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद रा. जनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में उद्घाटन हुआ. इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समेत कई विधायक और सांसद मौजूद रहे.

## 30 मिनट में 28 किलोमीटर दौड़ी एंबुलेंस, बीमार बच्चे के लिए लखनऊ पुलिस ने बनाया ग्रीन कॉरिडोर, पहुंचाया एयरपोर्ट

लखनऊ रूगंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चे की जान बचाने के लिए लखनऊ पुलिस ने एक सराहनीय कदम उठाया। एंबुलेंस को एयरपोर्ट पहुंचाने के लीए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इसकी मदद से 30 मिनट में 28 किमी की दूरी तय की जा सकती है। यह मार्ग कपूरथला के मिडलैंड अस्पताल से एयरपोर्ट के ग्रीन कॉरिडोर तक बनाया गया है। सामान्य ट्रैफिक में यह दूरी तय करने में करीब डेढ़ घंटे का समय लगेगा। दरअसल, फेफड़ों की गंभीर बीमारी से जूझ रहे साल के बच्चे को अस्पताल से एयरपोर्ट पहुंचाया जाना था। इसके लिए हैदराबाद के किम्स हॉस्पिटल की टीम मिडलैंड हॉस्पिटल आई थी। सामान्य ट्रैफिक में यह दूरी लगभग डेढ़ घंटे में पूरी होती है, लेकिन बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ पुलिस ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर 28 किमी लंबा ग्रीन कॉरिडोर बनाया। इसके साथ ही डेढ़ घंटे की दूरी को आधे घंटा कर दिया है और बच्चे को समय से एयरपोर्ट पहुंचा दिया। जहां से बच्चे को विशेषज्ञों की देखरेख में एयर एंबुलेंस से हैदराबाद ले जाया गया। डॉक्टरों ने हैदराबाद किया था रेफर जानकीपुरम के सहारा स्टेट निवासी बच्चा सर्दी, जुखाम और सांस की बीमारी से जूझ रहा था। परिजनों उसे मिडलैंड अस्पताल में एडमिट कराया। जहां पर उसमें निमोनिया की पुष्टि की गई। बच्चे के दोनों फेफड़े काफी ज्यादा प्रभावित हो गए थे। विशेषज्ञों के इलाज के बावजूद भी बच्चे में कोई सुधार नहीं हो रहा था। इसके बाद बच्चे को डॉक्टर्स ने हैदराबाद के किम्स हॉस्पिटल रेफर करने की सलाह दी गई, जिसपर परिवार तैयार हो गया। किम्स से विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम गुरुवार सुबह पहुंची थी। इसके बाद बच्चे की हालत और खराब हो गई। जिसके बाद उसे एयर एम्बुलेंस से हैदराबाद ले जाने के लिए डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी और डीसीपी ट्रैफिक प्रबल प्रताप सिंह की टीम ने ग्रीन कॉरिडोर बनाया। महज आधे घंटे में बच्चे को एयरपोर्ट पहुंचाया गया।

## लखनऊ को मिला दो नया फ्लाईओवर, 588 करोड़ की 114 परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण–शिलान्यास

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में विकास की गति को और तेज करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दो फ्लाईओवर और 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन मिनी स्टेडियम, विकास नगर में किया गया।इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव मौर्य समेत कई बड़े नेता भी मौजूद रहे। इन दोनों फ्लाईओवर्स के जरिए सीतापुर से आने और जाने वालों को अब रेड लाइट का सामना नहीं करना पड़ेगा। अयोध्या रोड से आने वाले लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।बता दें कि खुर्रमनगर और मुंशीपुलिया फ्लाईओवर के निर्माण से पहले इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे से मुंशीपुलिया तक का सफर तय करने में लोगों को भीषण जाम का सामना करना पड़ता था। जिसकी वजह से लोगों को करीब 1 से डेढ़ घंटे का समय लगता था। अब इन दोनों फ्लाईओवरों के बनने के बाद से शहर की करीब 15 लाख की आबादी को जाम से निजात मिलेगी, और समय भी बचेगा। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो विकास की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है।

# वाह री सरकार! जिन्दा शख्स को बता दिया मृत

## बुजुर्ग पिछले 8 महीनें से काट रहा है पेंशन के लिए ऑफिस के चक्कर

अलीगढ, उत्तर प्रदेश सरकारी काम और कर्मचारी इनकी लापरवाही के कई किस्से सामने आते है. इनकी लापरवाही की वजह से कई बार गरीब लोगों को परेशानी होती है. लेकिन फिर भी इनकी लापरवाही कम नहीं होती. ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के अलीगढ जिले से सामने आई है. जहां पर अतरौली के गांव कासिमपुर गदाईपुर के रहनेवाले एक जिंदा बुजुर्ग को कर्मचारी ने मृतक बता दिया और इसके बाद उसकी वृद्धावस्था की पेंशन बंद कर दी गई. ये बुजुर्ग पिछले 8 महीने से अपने जिंदा होने का सबूत लेकर तहसील और अलीगढ के ऑफिस में जा चूका है. लेकिन अब तक इनकी पेंशन शुरू नहीं की गई है. इन बुजुर्ग का नाम भगवंत सिंह है. पिछले वर्ष मई में इनकी पेंशन बंद कर दी गई थी. इसके बाद उन्होंने जब ऑनलाइन पेंशन क्यों बंद की गई , इसका पता लगाने की कोशिश की तो उन्हें पता चला कि जांच के दौरान लिख दिया था की उनकी मौत हो चुकी है. ये गलती सत्यापन करनेवाले एक कर्मचारी की थी. लेकिन परेशानी भगवंत सिंह को हो रही है. इस घटना के बाद ये परेशान बुजुर्ग कई ऑफिस के चक्कर लगा चुके है. लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ.

## अलीगढ़ की बेटी का कमाल, अरीबा ने सिल्वर पर साधा निशाना, 10 साल में मिले 36 मेडल

अरीबा ने कहा कि उनका लक्ष्य ओलंपिक में हिस्सा लेकर स्वर्ण पदक जीतना है और भारत का नाम रोशन करना है। वे पिछले 10 सालों में 21 अंतरराष्ट्रीय, 12 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर लगभग 36 पदक जीत चुकी हैं।उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय निशानेबाजी (स्कीट) प्रतियोगिता में अरीबा खान ने सिल्वर मेडल पर निशाना साधा। वह 10 साल में 21 अंतरराष्ट्रीय समेत 36 मेडल जीत चुकी हैं। 26 जनवरी को उन्हें रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार दिया जा चुका है।उत्तराखंड में शहर की निशानेबाज अरीबा खान ने शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व निशानेबाज मोहम्मद खालिद खान व फातिमा मरियम की बेटी अरीबा ने वर्ष 2013 में दिल्ली में आयोजित यूपी स्टेट चौंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने वर्ष 2017 में फिनलैंड में स्वर्ण पदक, वर्ष 2018 में जूनियर वर्ल्ड कप जर्मनी में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2019 में फिनलैंड में रजत पदक जीता। वर्ष 2021 में लीमा पेरु में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। अरीबा ने कहा कि उनका लक्ष्य ओलंपिक में हिस्सा लेकर स्वर्ण पदक जीतना है और भारत का नाम रोशन करना है। वे पिछले 10 सालों में 21 अंतरराष्ट्रीय, 12 राष्ट्रीय प्रतियो. गिताओं में हिस्सा लेकर लगभग 36 पदक जीत चुकी हैं। खालिद खान ने कहा कि बेटी अरीबा शानदार प्रदर्शन कर रही हैं।

## किसान चिंतित गेहूं के बचपन पर गर्मी का ग्रहण, छोटा रह गया पौधा, दाना भी होगा कमजोर

जनवरी के बाद गेहूं की फसल में बाली आने लगती है व होली के बाद पकने लगती है। मगर 15 जनवरी के बाद से बढ़े तापमान से इस बार जल्दी गर्मी आ गई है। जिससे गेहूं के पौधे की बढ़वार थम गई है।मौसम में जल्द आई गर्माहट ने गेहूं की फसल को बुरी तरह से प्रभावित किया है। गेहूं के पौधे की तो बढ़वार ही थम गई है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि गेहूं का दाना भी कमजोर रह जाएगा। पैदावार में भी पंद्रह से बीस फीसदी की गिरावट आने का अंदेशा जताया जा रहा है। हालांकि अगेती बुवाई करने वाले किसानों को ज्यादा नुकसान नहीं माना जा रहा है।अलीगढ़ जनपद में 3.20 लाख किसानों ने 2.05 लाख हेक्टेयर भूमि पर गेंहू की फसल की बुवाई की है। नियत समय या थोड़ा विलंब से बोई गई फसल बाली देने वाली अवधि में अब तक आधी ऊंचाई तक ही पहुंची है। अब अगर बारिश या ओस नहीं मिली तो गेहूं का दाना पतला होगा व उपज में गिरावट होगी। जिले में सबसे अधिक गेहूं की फसल अतरौली, खैर, टप्पल और सबसे कम इगलास व गोंडा में होती है।गेहूं की बुवाई की बात करें तो नवंबर मध्य ही सही समय है। कुछ किसान खेत खाली होने पर 15 नवंबर से पहले भी बुवाई करते हैं। जनवरी के बाद फसल में बाली आने लगती है व होली के बाद पकने लगती है। मगर 15 जनवरी के बाद से बढ़े तापमान से इस बार जल्दी गर्मी आ गई है। जिससे गेहूं के पौधे की बढ़वार थम गई है।तापमान बढ़ने से गेहूं की पैदावार में कमी आ सकती है। अबकी बार समय से पहले गर्मी पड़ने से फसल पर सीधा प्रभाव पड़ा है।

## राम जाने नाला खोद डाला, मिट्टी सड़क पर डाल दी, खुदाई किसने की किसी को नहीं पता

अलीगढ़ शहर में जगह जगह सड़कें खुदी पड़ी हैं। कहीं गैस के लिए पाइप लाइन बिछाई जा रही है तो कहीं पानी के लिए। कहीं बिजली की लाइन को भूमिगत बिछाने के लिए सड़क खोद दी गई। स्थिति यह है कि कई जगह तो पाइप लाइन बिछने के बाद सड़कों को दुरुस्त भी नहीं किया जा रहा है।13 फरवरी को क्वार्सी–अनूपशहर मार्ग के किनारे नाला खोद दिया गया । मिट्टी सड़क के किनारे पर डाल दी गई है। दुकानों के आगे मिट्टी का ढेर लगने से दुकानदार परेशान हैं। लेकिन सबसे हैरानी की बात यह है कि नाला किसने खोदा। क्यों खोदा। इसकी जानकारी न तो नगर निगम को है। न ही सिंचाई विभाग को। अलीगढ़ शहर में गैस के लिए पाइल लाइन बिछाने वाली कंपनी ने भी यहां खोदाई से इंकार किया है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर खोदाई की किसने है।शहर में जगह जगह सड़कें खुदी पड़ी हैं। कहीं गैस के लिए पाइप लाइन बिछाई जा रही है तो कहीं पानी के लिए। कहीं बिजली की लाइन को भूमिगत बिछाने के लिए सड़क खोद दी गई। स्थिति यह है कि कई जगह तो पाइप लाइन बिछने के बाद सड़कों को दुरुस्त भी नहीं किया जा रहा है। अब क्वार्सी–अनूपशहर मार्ग पर भी खोदाई हो रही है। हालांकि यहां दुकानदारों ने संभावना जताई कि नाला बनाने के लिए खोदाई हो रही है। लेकिन अगर नाला बनता तो उसका निर्माण नगर निगम कराएगा। मगर नगर निगम ने इससे साफ इंकार किया है। क्योंकि नाला सिंचाई विभाग का है लिहाजा जब उनसे बात की गई तो उन्होंने भी इंकार कर दिया। अब यह खोदाई कर कौन रहा है यह पता नहीं चला नाले पर अतिक्रमण के चिह्नांकन के निर्देश दिए गए थे, लेकिन खोदाई होने की जानकारी नहीं

## शिव समृद्धि संस्था द्वारा सांस्कृतिक एवं नृत्य कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

अलीगढ़।शिव समृद्धि संस्था द्वारा सांस्कृतिक एवं नृत्य कार्यक्रम कृष्णजलि में आयोजित किया गया।आयोजक डॉ. अंशु सक्सेना ने बताया कि हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी शिव समृद्धि संस्था द्वारा सांस्कृतिक एवं नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका शुभारम्भ विभाग कार्यवाह योगेश,विभाग प्रचारक गोविन्द, ललित,राजकुमार,रतन वार्ष्णेय,अशोक सक्सेना,गीतांजलि शर्मा और कृष्णा गुप्ता ने सयुंक्त रूप से किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमिश्नर संगीता सिंह, महापौर प्रशांत सिंघल,विधायका मुक्ता राजा,महानगर अध्यक्ष राजीव शर्मा,नगर आयुक्त विनोद कुमार,अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार,सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह,पूर्व महापौर शकुंतला भारती और सावित्री वार्ष्णेय मौजूद रहें।कार्यक्रम का सफल संचालन अरुण तिवारी ने किया। इस दौरान समृद्धि सक्सेना ने एक वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया।वहीं समृद्धि वंश,तनिष्का,कश्वी,प्रिया,राखी,संजना,दीक्षा,मुस्कान,निशा,सिद्धि,रश्मि,लक्ष्मी, प्रिंस,आयुष एवं मथुरा से आए हुए दिव्यांग कुशाग्र ने मनमोहक प्रस्तुति दी और तराना खैर से आए हुए दिव्यांग बच्चों ने भी मन. मोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की।

## शाइनिंग स्टार्स ऑफ अलीगढ़ कशिश 2025 एनुअल अवॉर्ड सेरेमनी संगीत कार्यक्रम का भव्य आयोजन कृष्णाअंजलि मंच अलीगढ़ महोत्सव में किया गया

एसपीजीसी म्यूजिक स्कूल के तत्वाधान में आयुष म्यूजिक लेवल, ओ एस बी डिस्टिल्ड वॉटर तथा एलोन ग्रुप प्राईवेट लिमिटेड के सहयोग से शाइनिंग स्टार्स ऑफ अलीगढ़ कशिश 2025 एनुअल अवॉर्ड सेरेमनी संगीत कार्यक्रम का भव्य आयोजन कृष्णअंजलि मंच अलीगढ़ महोत्सव में किया गया जिसमें अनेकों नवोदित प्रतिभाओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से उपस्थित जन समूह का मन मोह लियाइससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ मुख्य अतिथि श्री राजीव अग्रवाल अनु सचिव धर्म समाज समिति तथा दिल्ली से आई अतिथि सुश्री रोशना के साथ विशिष्ट अतिथि सुविख्यात गजलकार श्री जॉनी फास्टर श्री मानव महाजन श्री वसीम चौधरी श्री पीयूष शर्मा श्री सगीर खान श्री अपूर्व भारद्वाज के साथ एसपी जी सी संगीत स्कूल के निदेशक शरद गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया इस अवसर पर विशिष्ट रूप से जिला जज राघवेंद्र मनी सपरिवार, सुश्री नीना गुप्ता ए जी एम आर्यावर्त बैंक श्री सौरभ बाल जीवन, शिखर अग्रवाल, भव्य अग्रवाल, मुक्ति गुप्ता, संगीत विख्यात कलाकार चक्रवर्ती शर्मा तथा आयुष सक्सेना के साथ शकील खान, राहुल सिंह,अर्चना फौजदार ने उपस्थित रह कर सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया कार्यक्रम में सर्वप्रथम मात्र 5 वर्षीय झिलमिल भारद्वाज ने राम आएंगे गीत सुनकर सभी का मंत्र मुग्ध कर दिया इसके पश्चात 6 वर्षीय कबीर अरोरा ने कीबोर्ड पर गुलाबी आंखें गीत बजाकर सबको अचंभित कर दिया उत्कर्ष सिंह के गिटार वादन नीले नीले अम्बर पर को खूब पसंद किया गया स्वर्णिम कुलश्रेष्ठ के पियानो वादन मेरे सपनों की रानी, आरव जोशी के मेरी चौखट पे चलके विशेष रूप से अन्विति मनी की मन भावन प्रस्तुति खामोशियाँ , प्रवन्या सैनी के पियानोवादन सूरज की गर्मी से , शौर्य शर्मा के पियानो पर गीत मेरा जूता है जापानी को बेहद सराहा गया इसके बाद कम से सभी एक से बढ़कर एक प्रतिभाओं ने जिसमें गौरांशी राठी के गीत ये लड़का हाय अल्ला की मंत्र मुग्ध प्रस्तुति ग्रंथ राठी के गीत प्रस्तुति हाल क्या है दिलों का पर उपस्थित जन समूह थिरकने लगा ज्योति सैनी की पेशकश सजना है मुझे सजना के लिए यश चौहान के गीत ऐ दिल है मुश्किल केशव गौतम तुम मेरे हो , राधिका शर्मा की मन मोहक गीत प्रस्तुति सँवार लू, प्रशांत वर्मा के गीत कैसे बताएं क्यू तुझको चाहें आयरा खान की प्रस्तुति जब कोई बात बिगड़ जाए रितिका शाह और काम्या सिंह की संयुक्त खूबसूरत प्रस्तुति उनसे मिली नजर, अनन्या भारद्वाज और जैनी भारद्वाज के गीत सब तेरा की संयुक्त बेहतरीन प्रस्तुति ने सबका दिल छू लिया, आरव शुक्ला, जैस्मिन के गीत जब छाए मेरा जादू नवोदित प्रतिभाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया छोटे छोटे बच्चों हिमानी, प्रियाशी, काव्या, वैभवी, वैष्णवी, सृष्टि, वाणी, अरवाज, मुस्कान, रूही सक्सेना, अभिषेक, ग्रंथ , गौरांशी, आदि प्रतिभाओं के उत्कृष्ट नृत्य प्रदर्शन ने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया

कार्यक्रम संयोजक शरद गुप्ता ने गरिमामई उपस्थिति हेतु मुख्य अतिथि श्री राजीव अग्रवाल अनु, सुश्री रोशना, श्री जॉनी फास्टर, श्री मानव महाजन को शॉल पहना कर स्मृति चिह्न प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा विशिष्ट अतिथि श्री वसीम चौधरी, पीयूष शर्मा, सगीर खान सभी अतिथियों को शाल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर विशेष सहयोग हेतु क्षितिज जैन स्काइडेक सेंटरोनी का भी हृदय से आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन शरद गुप्ता व जैस्मिन ने संयुक्त रूप से किया

## अलीगढ़ा ई–रिक्शा में सवारियों का कीमती सामान चोरी करने वाले दो शातिरों को सासनीगेट पुलिस ने दबोच लिया

अलीगढ़ा ई–रिक्शा में सवारियों का कीमती सामान चोरी करने वाले दो शातिरों को सासनीगेट पुलिस ने दबोच लिया। इनके कब्बी से बुलंदशहर की महिला के गहनों के अलावा घटना में प्रयुक्त ई–रिक्शा और अवैध हथियार बरामद किए है। इनका एक साथी फरार है।क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम मयंक पाठक के अनुसार, घटना नो फरवरी की है। पूनम पत्नी मुकेश निवासी ग्राम कमौना, थाना पहासु (बुलंदशहर) अपने मायके बिजाहारी थाना सासनी (हाथरस) जा रही थीं। क्वार्सी चौराहे से उन्होंने एक ई–रिक्शा लिया जिसमें पहले से तीन युवक सवार थे। यात्रा के दौरान आरोपियों ने पूनम के बैस को आगे रख लिया और उन्हें पीछे बैठा दिया। रास्ते में बैग से सोने का हार और सोने की अंगूठी चोरी कर ली गई। इस मामले में थाना सासनीगेट में मुकदमा दर्ज किया गया था। सटीक सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने शुक्रवार को मथुरा रोड पर ओवरब्रिज के निकट से सद्दाम निवासी मोहल्ला खंदारी, गढ़ी मस्जिद हाथरस (हाल पता– गली नंबर 6. जीवनगढ़ क्वार्सी) व राज मोहम्मद निवासी ग्राम दानगढ़, याना हिबाई बुलंदशहर (हाल पता आजाद नगर, गजचारा क्वार्सी) की गिरफ्तार कर लिया। इनका साथी बिहून उर्फ चाद फरार है, जिसकी तलाश जारी हैं। इनके पास से चोरी किया गया सोने का हार, सोने की अंगूठी के अतिरिक्त पटना में प्रयुक्त ई–रिक्शा, 12 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, पाकू बरामद हुए हैं। ई–रिक्शा राज मोहम्मद का है ये लोग ई–रिक्शा में सवारियों बैठाकर उनका सामान चोरी करते थे। रते थे। रिमांड पर लेक इनसे पूछताछ की जाएगी, जिससे और घटनाओं को खुलासा हो सकें। सद्दाम के खिलाफ हाथरस में पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं. जबकि राज मोहम्मद के खिलाफ भी क्वार्सी थाने में मामला दर्ज किया गया

## कुटू का आटा बेचने वाले दुकानदार को ग्राइंडर लगाना अनिवार्य होगा महाशिवरात्रि को लेकर लागू किए गए नए नियम



अलीगढ़।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा ग्रुप के जिला अध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश वार्ष्णेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने खाद्य फूड अधिकारी दीनानाथ यादव से मुलाकात की और इस दौरान खाद्य फूड अधिकारी श्री यादव ने बताया कि कुछ दिनों बाद महाशिवरात्रि का पर्व आने वाला है जिसके लिए सरकार ने कुछ नियम लागू किए हैं उन्होंने खास तौर से कूटू के आटे को लेकर बताया कि जो दुकानदार कूटू का आटा बेचेगा उसे मिक्सी ग्राइंडर लगाना अनिवार्य है क्योंकि तीन दिन में वह आटा खाने लायक नहीं रहता इसलिए साबुत कूटू को ग्राहक के सामने ही पीसकर बेचें और अधिक पुराना कूटू पाए जाने पर दुकानदार के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिला कोषाध्यक्ष अशोक परोपकारी ने श्री यादव से कहा कि अगर कोई दुकानदार गलत कार्य करता है तो व्यापार मंडल उसके कोई साथ नहीं देगा और सही करने वाले का समर्थन करेगा।इस दौरान यहां पर युवा जिला अध्यक्ष विष्णु वार्ष्णेय,राजेश शुक्ला,विकास वार्ष्णेय,हरी बाबू गुप्ता और विजय गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अलीगढ़ में खाल के लिए कर रहे थे पशु हत्यारूभीड़ ने 4 युवकों को रंगे हा. थों पकड़ा, जहरीला इंजेक्शन देकर ले लेते थे जान

15 फरवरी से ब्वैम् परीक्षा, अलीगढ़ में बने 21 परीक्षा–केंद्ररूपहली बार रूम में लगेंगे कैमरे, जानिए कौन से स्कूल बने एग्जाम सेंटर

पुलिस भर्ती दौड़: सांस फूलने से दो और युवतियां गिरीं, गर्भवती अभ्यर्थी मांग रहीं समय



# स्विफ्ट कार ईशन नदी में गिरी, मां व उनकी दो बेटियों समेत चार की मौत, छह हुए घायल



हाथरस में हसायन कोतवाली क्षेत्र की जरेरा पुलिस चौकी अंतर्गत गांव बरसामई के पास एक स्विफ्ट कार ईशन नदी में गिर गई। हादसे में मां व उनकी दो बेटियों समेत चार लोगों की मौत हो गई, बाकी छह लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदराराऊ में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्विफ्ट कार सवार अलीगढ़ शादी समारोह में गए थे। कार में दस लोग सवार थे। शादी में शामिल होकर कार सवार जलेसर एटा वापस जा रहे थे। हसायन से सिकंदराराऊ होते हुए रात्रि 2 बजे के लगभग नहर के पास से जा रहे थे, तभी कार अनियंत्रित होकर ईशन नदी में गिर गई। देर से पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि समय से पुलिस पहुंच जाती तो अन्य लोगों की जान भी बचाई जा सकती थी। ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेंस में घायलों को भेजा गया। एसपी बता रहे कार में सवार थे नौ, जबकि थे 10 लोग हाथरस के एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि कार में नौ लोग सवार थे। हादसे में दो बच्चे, एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। पांच लोग घायल हुए, जिन्हें उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। हाथरस के एसपी ने कार में नौ लोग सवार बताए, जबकि कार में 10 लोग सवार थे।इनकी हुई मौत डॉ. बबलू राजपूत (45) पुत्र तुर्शनपाल सिंह रा. जपूत, पूनम (28) पत्नी मानवेंद्र सिंह काव्या ,पुत्री मानवेंद्रसिंह ,भूमि (1) पुत्री मानवेंद्र सिंह – ये हुए घायल,चिरांशी पुत्री विमल उम्र 5 वर्ष ,सुनीता पत्नी विमल उम्र 35 वर्ष ,वैष्णवी पुत्री विमल उम्र 6 वर्ष ,कल्पना पुत्री सत्य प्रकाश 12 वर्ष ,गुलशन पुत्री राजेंद्र उम्र 18 वर्ष, मंजू पत्नी बबलू उम्र 42

## हाथरस के जिला महिला अस्पताल में व्याप्त गंभीर समस्याओं को लेकर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने आज कड़ी नाराजगी व्यक्त की



हाथरस के जिला महिला अस्पताल में व्याप्त गंभीर समस्याओं को लेकर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने आज कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि स्वीकृत 6 पदों के विरुद्ध केवल एक महिला चिकित्सक ही कार्यरत है, जबकि एक अन्य चिकित्सक मेडिकल लीव पर हैं।अस्पताल के जच्चा–बच्चा वार्ड, ओपीडी, लेबर रूम और एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण करते हुए उन्होंने शौचालयों में फैली गंदगी पर गहरी चिंता जताई। मरीजों और तीमारदारों से सीधा संवाद करते हुए उन्होंने अवैध शुल्क वसूली की शिकायतों के बारे में भी जानकारी ली।आयोग की अध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने के बावजूद स्थान की कमी है। उन्होंने सीएमओ से महिला चिकित्सकों की कमी का कारण पूछा, जिस पर उन्हें बताया गया कि इस संबंध में कई बार शासन को पत्र भेजे जा चुके हैं। बबीता चौहान ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर हैं, लेकिन यहां की स्थिति इसके विपरीत है।उच्च स्तर पर वार्ता का आश्वासन उन्होंने इस मामले में स्वयं हस्तक्षेप कर उच्च स्तर पर वार्ता करने का आश्वासन दिया। महिला मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मंजीत सिंह, जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.पुष्पलता, जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सूर्य प्रकाश आदि मौजूद थे।

## पुलिस की पाठशाला एएसपी ने छात्राओं को पढ़ाया पाठ,बोले- परिस्थिति कैसी भी हो, घबराएं नहीं

हाथरस के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में फाउंडेशन ने पुलिस की पाठशाला लगी। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, साइबर सेल प्रभारी विपिन चौधरी ने छात्राओं को साइबर क्राइम और महिला हेल्पलाइन के बारे में जागरूक किया। 13 फरवरी को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि छात्राओं को किसी भी परिस्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है। वह बेझिझक पुलिस की सहायता ले सकती हैं। एएसपी ने कहा कि समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का दायित्व है। उन्होंने छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया और विभिन्न मामलों में पुलिस की कार्रवाई के प्रति उनकी जिज्ञासा को शांत किया। बतौर छात्राओं के सवालों के जवाब भी दिए। एएसपी ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर बेहद सतर्क और सजग रहने की जरूरत है। छात्राएं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल सोच–समझकर करें। किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। किसी भी तरह की विप. रीत परिस्थिति में तुरंत पुलिस की सहायता लें।उन्होंने छात्राओं से चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो का नारा भी लगवाया। एएसपी ने छात्राओं को साइबर क्राइम और महिला हेल्पलाइन के बारे में जागरूक किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ एएसपी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्. ज्वलित कर किया। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या ममता उपाध्याय कौशिक ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। उप निरीक्षक सचिन चौधरी ने छात्राओं को साइबर अपराध और सोशल मीडिया संबंधी अपराधों के बारे में जानकारी दी और इनसे सचेत रहने की अपील की। उन्होंने छात्राओं को इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के टिप्स दिए।साइबर सेल प्रभारी विपिन चौधरी ने छात्राओं को 1090 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, डायल 112, पॉक्सो एक्ट, अच्छे–बुरे स्पर्श के बारे में विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम का संचालन कुमुद शर्मा ने किया। इस दौरान मोनिका वार्ष्णेय, स्वेता सिंह, साधना सिंह, चमन शर्मा, देवेंद्र सिंह, दिनेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## हाथरस में शब-ए-बारात का पवित्र पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया

हाथरस में शब–ए–बारात का पवित्र पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मस्जिदों में विशेष इबादत का आयोजन किया गया। ऑल इंडिया अब्बासी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सभासद रईस अहमद अब्बासी ने बताया कि शब–ए–बारात इस्लाम में एक महत्वपूर्ण रात है, जिसमें अल्लाह तआला दुआओं को कबूल करते हैं।
उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील की कि इस पवित्र रात में नफिल नमाज, कुरान की तिलावत और इबादत को प्राथमिकता दें। विशेष रूप से जोर दिया गया कि इबादत घर या मस्जिद में एकांत में की जाए। धार्मिक नेताओं ने युवाओं को सड़कों पर मोटरसाइकिल से घूमने और पटाखे फोड़ने से मना किया, क्योंकि यह इस्लामिक शिक्षाओं के विपरीत है।कार्यक्रम में मुस्लिम इंडिया कमेटी के सदर इरफान कुरैशी, बारात कुरैशी, पूर्व सभासद बबलू कुरैशी, साबिर हुसैन, मंजूर अहमद अब्बासी, शहजादी खान, नज्जू कुरैशी, गुलफाम कुरैशी, शकील कुरैशी, कमर अहमद कुरैशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मस्जिदों और कब्रिस्तान में विशेष रोशनी की व्यवस्था की गई थी।

## हाथरस सत्संग हादसा न्यायालय में सुनवाई आज, भगदड़ में हुई थी 121 लोगों की मौत

सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि के 2 जुलाई को सिकंदराराऊ के फुलरई मुगलगढ़ी में आयोजित सत्संग में भगदड़ मच गई थी। भगदड़ हो जाने से 121 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें करीब 250 लोग घायल हुए थे।हाथरस में सत्र न्यायाधीश सतेंद्र कुमार के न्यायालय में सत्संग हादसे के मामले में आरोपों पर बहस जारी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस पिछली तिथि पर पूरी नहीं हो पाई थी। न्यायालय में अब इस मामले की सुनवाई आज होगी। उल्लेखनीय है कि सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि के 2 जुलाई को सिकंदराराऊ के फुलरई मुगलगढ़ी में आयोजित सत्संग में भगदड़ मच गई थी। भगदड़ हो जाने से 121 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें करीब 250 लोग घायल हुए थे। न्यायालय में पुलिस ने इस मामले में 11 आरोपियों के विरुद्ध 3200 पेज का आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने 676 गवाह बनाए हैं। पुलिस ने इस मामले में पुलिस मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर, मेघ सिंह, मुकेश कुमार, मंजू देवी,मंजू यादव, राम लड़ेते, उपेंद्र सिंह,संजू कुमार, राम प्रकाश शाक्य, दुर्वेश कुमार, दलवीर सिंह को आरोप पत्र में आरोपी बनाया है। सत्र न्यायालय में इस मामले में सुनवाई के लिए 14 फरवरी यानी आज की तिथि नियत है।

## हाथरस के सहपऊ कोतवाली भुकलारा गांव में पति ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर अपनी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया

हाथरस के सहपऊ कोतवाली भुकलारा गांव में पति ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर अपनी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला की आगरा में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी के अनुसार, जीतू और प्रीति की शादी करीब ढाई साल पहले हुई थी। शादी के बाद प्रीति का पड़ोसी पंकज से प्रेम संबंध हो गया। चार महीने पहले प्रीति पंकज के साथ भाग गई। पंकज के परिवार के लोगों के मुताबिक दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली।करीब डेढ़ महीने पहले प्रीति पंकज के साथ वापस गांव लौट आई और उसी के साथ रहने लगी। कल जब जीतू को मौका मिला, उसने प्रीति पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसकी गर्दन पर गंभीर चोट आई। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने घायल प्रीति को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान प्रीति की मौत हो गई। शव का आगरा में कराया जा रहा पोस्टमार्टमहपऊ कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी जीतू की तलाश में जुटी है। प्रीति का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। घटना से परिवार में मातम का माहौल है। परिजन शव के आने का इंतजार कर रहे हैं।

## तबादले के डेढ़ माह बाद भी बीईओ ने नहीं छोड़ा चार्ज



सहपऊ की बीईओ पूनम चौधरी कई महीनों से विवादों में हैं। आगरा में तैनाती के दौरान उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। पिछले दिनों शिक्षक संगठन ने उन पर भ्रष्टाचार सहित विभिन्न आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी।सहपऊ की खंड शिक्षा अधिकारी ने डीएम और बीएसए के आदेश को ताक पर रख दिया है। स्थानांतरण आदेश के डेढ़ माह बाद भी उन्होंने कार्यभार छोड़कर नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। डीएम ने अग्रिम आदेशों तक बीईओ के वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए उनकी अनुशासनहीनता की रिपोर्ट शासन को भेज दी है।सहपऊ की बीईओ पूनम चौधरी कई महीनों से विवादों में हैं। आगरा में तैनाती के दौरान उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। पिछले दिनों शिक्षक संगठन ने उन पर भ्रष्टाचार सहित विभिन्न आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी। विवादों में घिरे होने के चलते 28 दिसंबर 2024 को डीएम के अनुमोदन पर बीएसए ने उनका स्थानांतरण नगर क्षेत्र में कर दिया था, जबकि बीईओ नगर क्षेत्र सुल्तान अहमद का स्थानांतरण बीईओ सहपऊ के पद पर किया गया था।इसके बाद बीईओ सहपऊ विद्यालय समय में स्वजातीय शिक्षकों के साथ बैठक करने के आरोप में भी घिर गई थीं। शिकायत पर एसडीएम सादाबाद संजय कुमार, सीओ हिमांशु माथुर और तहसीलदार अंजली सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से पूर्व ही शिक्षक इधर–उधर हो गए थे। इस मामले ने खासा तूल पकड़ लिया था। बीएसए स्वाति भारती ने आरोपी बीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया था। अब हैरानी की बात यह है कि डीएम के अनुमोदन व बीएसए के स्थानांतरण आदेश को ताक पर रखते हुए चौधरी ने बीईओ सहपऊ का कार्यभार नहीं छोड़ा है।बीईओ सहपऊ के वेतन के आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी गई है। इस मामले की रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है।

## एक चिता पर पति–पत्नी का अंतिम संस्कार सड़क हादसे में हुई मौत, घायल पुत्र ने दी मुखाग्नि



ऐंहन निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और उनकी पत्नी के शव 13 फरवरी तड़के गांव में पहुंचे। गमगीन माहौल में उनके शवों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। हादसे में घायल हुए उनके 12 वर्षीय बेटे शिवम ने मुखाग्नि दी तो हर आंख नम हो गई। क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय कुमार उर्फ अजीत सिंह (35) अपनी पत्नी सीमा (32), दो बेटियों वर्षा (14), दीप्ति (8) और बेटे शिवम (12) व आगरा के टेढ़ी बगिया निवासी अपने मित्र रवि के परिवार के साथ 11 फरवरी शाम को खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए गए थे। सीकर जिले के श्रीमाधोपुर के खंडेला रोड के रलावता टोल पर उनकी कार डिवाइडर से टकराने के बाद टोल बूथ के केबिन से टकरा गई थी। हादसे में अजय और उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। 13 फरवरी की तड़के सुबह चार बजे इनके शव गांव में शव पहुंचे। अजय कुमार अपने माता पिता के इकलौते बेटे थे। लोगों की जुबां पर उनके बच्चों के भविष्य की चिंता थी और एक ही सवाल था कि दो बेटियों और बेटे का अब क्या होगा। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीण परिजनों को ढाढ़स बंधाते रहे। अजय कुमार इन दिनों परिवार के साथ आगरा में रह रहे थे। वहीं से खाटू श्याम के लिए गए थे।

# वेलेंटाइन डे पर पहरे की दीवार लांघकर अपने प्यार का इजहार किया

कासगंज : जब–जब प्यार में पहरा हुआ है, प्यार और भी गहरा हुआ है।ष फिल्म सड़क में कुमार सानू और अनुराधा पौडवाल द्वारा गाए गए इस गीत की पंक्तियों को साकार कर रहे हैं प्रेमी युगल। जिन्होंने वेलेंटाइन डे पर पहरे की दीवार लांघकर अपने प्यार का इजहार किया और होटल–ढाबों पर पहुंचकर लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया।वेलेंटाइन वीक की शुरुआत से ही प्रेमी युगल ने हर दिन का अलग–अलग आनंद लिया और जब 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे आया, तो प्यार का इजहार करने वालों ने पहरे की दीवार तोड़ दी। शहर का प्रभु पार्क हो, नदरई झाल का पुल हो या होटल–ढाबे, हर जगह प्यार के इजहार का सिलसिला नजर आया। भले ही प्रेमी युगल फोटो और वीडियो से बचते रहे, लेकिन उनके दिल की बातें जुबां पर हर जगह सुनाई दीं। नवदंपत्ति भी वेलेंटाइन डे पर प्यार का इजहार करने के साथ ही होटल–ढाबों पर पहुंचे और लजीज व्यंजनों का आनंद लिया कासगंजरू वेलेंटाइन डे पर गुलाब के फूलों की जमकर बिक्री हुई। प्रेमी युगलों ने एक–दूसरे को फूल भेंट किए और उन्हें फूलों की तरह खूबसूरत बताया। फूलों की बढ़ती मांग से दुकानदार भी उत्साहित नजर आए।बजरंग दल के जिला संयोजक दीपक गुप्ता और अम. रीश वशिष्ठ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वेलेंटाइन डे का विरोध किया। उन्होंने ग्रीटिंग कार्ड जलाए और पश्चिमी सभ्यता के विरोध में इस दिवस को न मनाने की अपील की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि भारतीय संस्कृति के लिए यह दिवस घातक है और हर हाल में ऐसे आयोजनों से बचना चाहिए।

# कासगंज: ज्वैलर्स की दुकान से हुई चोरी का किया खुलासा, चार गिरफ्तार

कासगंज रू जिले की पटियाली थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने थाना गांव में ज्वैलर्स और गल्ले की दुकान में हुई चोरी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण, नकदी के अलावा तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। एएसपी ने पूछ. ताछ के बाद चारों चोरों को न्यायालय भेजा, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है पटियाली थाना क्षेत्र के गांव थाना गांव में 1 फरवरी 2025 की रात एक ज्वैलर्स और गल्ले की दुकान का शटर तोड़कर कुछ अज्ञात चोरों ने सोने–चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली थी। बीच बाजार में ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़कर वारदात को अंजाम देना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया था। घटना का खुलासा करने के लिए कासगंज के एसपी अंकित शर्मा ने स्थानीय पुलिस की एक टीम गठित की। पुलिस टीम लगातार प्रयासरत रही, जिसके चलते पटियाली कोतवाली पुलिस और एसओजी की टीम ने 13–14 फरवरी की रात को पटियाली थाना क्षेत्र के ग्राम थाना गांव स्थित दयानंद इंटर कॉलेज के पास से वारदात को अंजाम देने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचे, पांच कारतूस, दो चोरी की मोटरसाइकिल, चोरी की वारदात में प्रयुक्त औजार, सोने–चांदी के आभूषण और 34,200 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभय प्रताप उर्फ लुक्का, बबलू, भोला और अनमोल कासगंज जिले के ही निवासी हैं। उन्होंने 10 जनवरी 2025 को थाना गांव स्थित एक गल्ले की आढ़त से सरसों, तेल आदि चोरी करने का भी जुर्म कबूल किया है। पुलिस टीम ने कानूनी कार्रवाई के बाद अभियुक्तों को जिला न्यायालय में पेश किया।

# कासगंज जिले की पटियाली थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने थाना गांव में ज्वैलर्स और गल्ले की दुकान में हुई चोरी का भंडाफोड़



कासगंज रू जिले की पटियाली थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने थाना गांव में ज्व. ैलर्स और गल्ले की दुकान में हुई चोरी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण, नकदी के अलावा तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। एएसपी ने पूछताछ के बाद चारों चोरों को न्यायालय भेजा, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है पटियाली थाना क्षेत्र के गांव थाना गांव में 1 फरवरी 2025 की रात एक ज्वैलर्स और गल्ले की दुकान का शटर तोड़कर कुछ अज्ञात चोरों ने सोने–चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली थी। बीच बाजार में ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़कर वारदात को अंजाम देना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया था। घटना का खुलासा करने के लिए कासगंज के एसपी अंकित शर्मा ने स्थानीय पुलिस की एक टीम गठित की। पुलिस टीम लगातार प्रयासरत रही, जिसके चलते पटियाली कोतवाली पुलिस और एसओजी की टीम ने 13–14 फरवरी की रात को पटियाली थाना क्षेत्र के ग्राम थाना गांव स्थित दयानंद इंटर कॉलेज के पास से वारदात को अंजाम देने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचे, पांच कारतूस, दो चोरी की मोटरसाइकिल, चोरी की वारदात में प्रयुक्त औजार, सोने–चांदी के आभूषण और 34,200 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभय प्रताप उर्फ लुक्का, बबलू, भोला और अनमोल कासगंज जिले के ही निवासी हैं। उन्होंने 10 जनवरी 2025 को थाना गांव स्थित एक गल्ले की आढ़त से सरसों, तेल आदि चोरी करने का भी जुर्म कबूल किया है। पुलिस टीम ने कानूनी कार्रवाई के बाद अभियुक्तों को जिला न्यायालय में पेश किया।

# कासगंज : दो बाइक सवार दोस्तों को सहावर थाना क्षेत्र के गांव पिथनपुर पर तेज रफ्तार मैक्स पिकअप ने टक्कर मार दी





कासगंज रू पटियाली के गांव रामनगर स्थित ननिहाल से लौट कर आ रहे दो बाइक सवार दोस्तों को सहावर थाना क्षेत्र के गांव पिथनपुर पर तेज रफ्तार मैक्स पिकअप ने टक्कर मार दी। पुलिस ने दोनों घायल बाइक सवारों को कासगंज जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। दूसरे को गंभीर हालत में अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पा. ेस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।सिकंद्रराऊ थाना क्षेत्र के गांव माड़ी निवासी 22 वर्षीय विकास पुत्र बृजवासी अपने दोस्त चंद्रशेखर पुत्र राजपाल के साथ गांव पटियाली के गांव रामनगर में ननिहाल घूमने के लिए आए थे। गुरुवार की शाम को दोनों बाइक से गांव वापस हो रहे थे, इसी बीच गांव पिथनपुर के समीप सहावर की ओर से आ रही तेज रफ्तार मैक्स पिकअप लोडर वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सहावर थाना पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां विकास को चि. कित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया, जबकि चंद्रशेखर को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है जहां चंद्रशेखर की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की खबर सुनकर मां सावित्री देवी का रो–रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि चालक मौके से फरार है। मृतक के परि. जनों द्वारा अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पिकअप पुलिस के कब्जे में है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार. ेवाई की जाएगी।एक साथ प्राइवेट कंपनी में करते थे काम परिजनों ने बताया कि दोनों दोस्त एक साथ अहमदाबाद में प्रा. इवेट कंपनी में नौकरी किया करते थे। अहमदाबाद से बुधवार को गांव आए थे। बाद में विकास अपने दोस्त चंद्रशेखर को लेकर ननिहाल आ गया। लौटते समय हादसे में दोनों की जान चली गई। घटना को लेकर दोनों के परिवार में को. हराम मचा हुआ है।

# एटा के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नगला पवल में एक दर्दनाक घटना सामने आई

एटा के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नगला पवल में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। आर्थिक तंगी से जूझ रही एक महिला ने 21 जनवरी को जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। प्रशासन ने मृतका के बच्चों की मदद के लिए 6 बीघा जमीन का पट्टा आवंटित किया। लेकिन जब पैमाइश की गई तो पता चला कि जमीन पर दबंगों का कब्जा है।पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी प्रेम. रंजन सिंह से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। मृतका के देवर ओमप्रकाश ने बताया कि प्रधान ने गाटा संख्या–148 और 165 में भूमि पट्टा आवंटित किया था। लेकिन 148 नंबर की जमीन पर दबंगों का कब्जा है। अब प्रशासन नागल गुलरिया में वैक. ल्पिक जमीन दे रहा है, जो खेती के लिए उपयुक्त नहीं है। तहसीलदार सदर संदीप कुमार ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि जब आवंटित भूमि का चिन्हांकन किया गया, तब पता चला कि विवादित गाटा नंबर पर सिविल कोर्ट में मामला लंबित है। भविष्य में पीड़ित परिवार को कानूनी जटिलताओं से बचाने के लिए उन्हें दूसरी जगह पट्टा आवंटित किया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि यह कदम परिवार के हित में उठाया गया है। ताकि वे आगे किसी कानूनी विवाद में न फंसें।

# कासगंज: समाजवादी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रोहित यादव के नेतृत्व में पटियाली विधान सभा क्षेत्र के गांव लधोली, दमपुरा, लखापुर में पीडीए चर्चा कार्यक्रम हुआ

कासगंज रू समाजवादी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रोहित यादव के नेतृत्व में पटियाली विधान सभा क्षेत्र के गांव लधोली, दमपुरा, लखापुर में पीडीए चर्चा कार्यक्रम हुआ। वहीं, यूथ ब्रिगेड और युवजन सभा के नेतृत्व में अमांपुर विधान सभा के गांव परता. पुर और याकूतगंज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सपा नेताओं ने बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। बैठक में मुख्य अतिथि पटियाली विधानसभा की विधायिका नादिरा सुल्तान, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह यादव एवं समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव विनय कुशवाहा मौजूद रहे। पीडीए चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने मिट्टी का तेल बंद कर दिया, चीनी बंद कर दी। आज जनता को राशन नहीं मिल रहा है, सरकार केवल गल्ला दे रही है। 70 साल में जो महंगाई नहीं हुई, वह मात्र 10 सालों में रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। चिकित्सा प्रणाली इतनी महंगी हो गई है कि आम जनता अपना इलाज नहीं कर पा रही है। जनता पूरी तरह से त्रस्त है और सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है। इस बार 2027 में सपा की सरकार बनाने का दावा कर रही है। जिला महासचिव विनय कुशवाहा ने कहा कि इस लो. कतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में सर्व समाज का हक बाबा भीमराव अंबेडकर साहब ने दिया था। उन्होंने सभी जातियों को समान अधिकार दिया था, लेकिन भाजपा सरकार में पीडीए समाज को नौकरियों में समान अधिकार नहीं मिल रहा है। पीडीए को शिक्षा, व्यवसाय और रोजगार के माध्यम से उनके हक से वंचित किया जा रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रांजल यादव ने कहा कि इस सरकार में किसान काफी परेशान हैं। उन्हें फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है।

चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रोहित यादव ने कहा कि लोगों को शिक्षा से वंचित करने के लिए शिक्षा को लगातार महंगा किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, और इस दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं हो रहा है। सपा के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि आज भाजपा सरकार गरीबों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और दलितों के साथ अत्याचार कर रही है। उन्हें लूटा जा रहा है और कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार आएगी तो सभी को पेंशन, शिक्षा, पढ़ाई और दवा मुफ्त मिलेगी। बैठक का संच. ालन विधानसभा अध्यक्ष मुनेद्र शाक्य ने किया। इस अवसर पर नावेद पठान, रवि यादव, पुष्पेंद्र यादव, कुलदीप ठाकुर, रो. हित यादव, जोगेश यादव, अखिलेश यादव (परतापुर), गुरदीप यादव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मो:-8218049162,8273402499